दैनिक भास्कर

हरदा 05-09-2025

### आरबीआई के मार्गदर्शन में चल रहा वित्तीय समावेशन संतृप्ति अभियान

# जागरूकता शिविर में ऑनलाइन फ्रॉड से बचाव और योजनाओं की दी जानकारी

भास्कर संवाददाता | रहटगांव

स्थानीय मंडी प्रांगण में गुरुवार को वित्तीय साक्षरता और समावेशन को लेकर बड़ा जागरूकता शिविर आयोजित किया गया। भारतीय रिजर्व बैंक के मार्गदर्शन में चल रहे तीन माह के वित्तीय समावेशन संतृप्ति अभियान (1 जुलाई से 30 सितंबर 2025) के अंतर्गत यह शिविर रखा गया। इसमें बड़ी संख्या में खाताधारक, स्थानीय जनप्रतिनिधि और बैंकिंग अधिकारी मौजूद रहे। शिविर में आरबीआई, एसबीआई, एमपीजीबी, बीओआई और अन्य बैंकों के वरिष्ठ अधिकारियों ने लोगों को ऑनलाइन फ्रॉड से बचाव के तरीके विस्तार से समझाए। इस दौरान सांस्कृतिक नृत्य और नाटक का मंचन भी किया गया। लोगों ने सभी योजनाओं और ऑनलाइन फ्रॉड से बचाव के तरीकों को सीखा।




**नाटक के माध्यम से योजनाओं की उपयोगिता बताई**

साथ ही प्रधानमंत्री सुरक्षा बीमा योजना, प्रधानमंत्री जीवन ज्योति बीमा योजना और अटल पेंशन योजना जैसी जनकल्याणकारी योजनाओं की जानकारी दी गई। बालिकाओं ने नाटक के माध्यम से योजनाओं की उपयोगिता बताई, वहीं सांस्कृतिक कार्यक्रम में आदिवासी नृत्य की प्रस्तुति ने माहौल उत्साहपूर्ण बना दिया। कार्यक्रम में आरबीआई जीएम हेमंत सोनी, एलडीओ श्रवण कुमार, एसबीआई डीजीएम चैनल मैनेजमेंट जितेंद्र सिंह, आरएम सुदीप मुसरे, एलडीएम हरदा मनोज पवार, सहित अन्य अधिकारी मौजूद रहे। आसपास की पंचायत के सरपंचों और ग्रामीणों ने उत्साह दिखाते हुए बड़ी संख्या में भागीदारी की।